हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 28 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण में देखा सर्वोच्च न्यायालय...



07 सेवा संकल्प अभियान के तहत नप अध्यक्ष ने...



खबर संक्षेप

25 पंचायतों के 81 स्कूलों में बंटे 4500 स्कूल बैग

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत 26 सितंबर को सिरोंज तहसील की 25 ग्राम पंचायतों के 81 शासकीय विद्यालयों में कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को 4500 स्कूल बैग वितरित किए गए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर उपलब्ध कराए गए इन बैग का वितरण शिविरों और विद्यालयों में किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराकर पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ाना और स्कूलों में नियमित उपस्थिति को प्रोत्साहित करना है। बैग मिलने पर विद्यार्थियों और अभिभावकों ने खुशी जताई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने वितरण में सहभागिता की।

अतिकुपोषित बालिका जली मिली, भर्ती

विदिशा। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के दौरान ग्राम पंचायत सांकलोन में अतिकुपोषित चार वर्षीय बालिका गंभीर रूप से जली हालत में घर पर मिली। जन्माष्टमी के दिन खेलते समय गर्म कढ़ाई की चपेट में आने से बालिका झुलस गई थी। गंभीर स्थिति के बावजूद उसे अस्पताल नहीं ले जाया गया था। नोडल अधिकारी कविता रघुवंशी और अशोक कौरव ने मामले की जानकारी ली। एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने पर अधिकारियों ने शासकीय वाहन से बालिका को राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय, सिरोंज पहुंचाकर भर्ती कराया। मेडिकल स्टाफ को स्थिति से अवगत कराकर तत्काल उपचार शुरू कराया गया।

कुरवाई में सेवा संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत

कुरवाई। सेवा संकल्प अभियान के तहत बड़नगर से वाराणसी-बड़नगर सेवा यात्रा शनिवार को कुरवाई अनुभाग पहुंची। रूट क्रमांक 8 के यात्रियों का पटेल गार्डन में स्वागत कर रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था की गई। रविवार को यात्रा दल गंतव्य के लिए रवाना हुआ। रूट क्रमांक 9 की यात्रा ने पठारी, भालबमोरा और पीकलोन में जनसंपर्क किया। यात्रा में करीब 50 बाइकर्स सहित चारपहिया वाहन शामिल हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने यात्रियों का स्वागत किया। प्रशासन ने भोजन, पेयजल, ईंधन, स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षा के इंतजाम किए।

मौके पर बने आयुष्मान एक सप्ताह में 1274 बने

विदिशा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविरों में आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार के अनुसार सोमवार से शनिवार तक जिले में 5547 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शनिवार को सिरोंज तहसील के विभिन्न गांवों में आयोजित शिविरों में 737 कार्ड मौके पर बनाए गए। अभियान के दौरान एक सप्ताह में कुल 1274 आयुष्मान कार्ड बने। इनमें 1055 गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले, 201 कर्मकार मंडल और 70 वर्ष से अधिक आयु के 18 हितग्राही शामिल हैं।

जिम में महिला के साथ की छेड़छाड़, शिकायत

विदिशा। शहर के सिविल लाइंस थाने में आवेदन देकर लायंस जिम संचालक धर्मपाल उपाध्याय एवं आईना उपाध्याय के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया है। 27 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया की 24 सितंबर की सुबह 7.30 बजे जिम मालिक धर्मपाल उपाध्याय ने पीछे से पकड़ लिया। मैने धक्का दिया, तभी उसकी पत्नी आईना आ गई और दोनों ने मेरे साथ मारपीट की। दोनों ने जान से मारने की धमकी थी दी है। तब मैंने अपनी मां और मुंह बोले भाई दीपक को फोन करके बुलाया और सारी बात बताई। पूरे मामले की शिकायत महिला ने सिविल लाइन थाने में की है।

कारोबारियों को दिए निर्देश, उल्लंघन पर होगी वैधानिक कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने किया बैन, पर शहर में चल रही खुले तेल की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

खुला तेल और खुले पिसे मसालों की बिक्री पर रोक

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने खुल्ला तेल और खुले मसालों पर प्रतिबंध लगा दिया है। जबकि शहर में दर्जनों दुकानों पर खुले मसाले बेचे जाते हैं। ऐसे में व्यापारियों के सामने नया संकट खड़ा हो गया है। वहीं खुल्ले तेल के विक्रय पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि यह प्रतिबंध लंबे समय से लगा हुआ है। बावजूद इसके शहर के कुछ दुकानों पर सिर्फ खुल्ला तेल बेचने का ही कारोबार किया जाता है। यहां रात में चुपके से खुले पाम ऑयल का पूरा टेंकर ही खाली करा लिया जाता है।

हालांकि कई बार इसकी शिकायतें भी की गईं, लेकिन अधिकारियों की मिली भगत से यह कारोबार खूब फल फूल रहा है और चोरी छिपे नहीं खुलेआम खुल्ले तेल की दुकानें संचालित हो रही हैं। जिनकी शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती। स्वर्णकार कॉलोनी खुल्ला तेल विक्रय का मुख्य केंद्र हैं। जहां रातों रात खुल्ले तेल का पूरा टैंकर ही स्टोर करके रखा जाता है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा इसके तहत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के प्रावधानों के अनुसार जिले में खुले खाद्य तेल और खुले रूप में पिसे हुए मसालों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश खाद्य कारोबारियों को दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इन खाद्य पदार्थों की बिक्री एवं उपयोग पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। प्रावधानों के अनुसार खाद्य तेल निर्धारित



फोटो एआई आधारित है।

गुणवत्ता के अनुरूप पैक, मार्क एवं लेबल किया हुआ होना जरूरी है। इसी तरह पाउडर रूप में मसाले एवं कंडिमेंट्स भी पैक्ड कंडीशन में विक्रय किए जाने का प्रावधान है।

विभाग ने होटल, रेस्टोरेंट, नमकीन-मिठाई प्रतिष्ठान, किराना दुकानों सहित अन्य खाद्य कारोबारियों को नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

नियम तोड़े तो नमूना, जब्ती व वैधानिक कार्रवाई

विभाग ने स्पष्ट किया है कि निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन मिलने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा लागू नियमों के तहत नमूना संकलन, जब्ती सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कारोबारियों को पैकेजिंग, लेबलिंग और निर्धारित गुणवत्ता संबंधी प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

उपभोक्ताओं से भी सावधानी की अपील

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने नागरिकों से खुले तेल और खुले पिसे मसालों की बिक्री की जानकारी संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारी अथवा खाद्य सुरक्षा विभाग को देने की अपील की है। खरीदारी के समय पैकेट पर अंकित लेबल, निर्माण अथवा पैकिंग विवरण और अन्य जरूरी जानकारी देखने तथा संदिग्ध या बिना लेबल वाली खाद्य सामग्री नहीं खरीदने की सलाह दी गई है।

इन तेलों पर नजर : सरसों तेल, सोयाबीन तेल, मूंगफली तेल, रिफाइंड खाद्य तेल सहित अन्य खाद्य तेलों की बिक्री और उपयोग की जांच होगी।

मसालों में ये शामिल : मिर्च, हल्दी, धनिया, जीरा पाउडर, गरम मसाला सहित अन्य पिसे मसालों को पैक्ड और लेबलयुक्त रूप में ही बेचने के निर्देश हैं।

इनकी होगी जांच

निरीक्षण के दौरान सरसों तेल, सोयाबीन तेल, मूंगफली तेल, रिफाइंड सहित अन्य खाद्य तेलों की जांच की जाएगी। इसके साथ ही मिर्च, हल्दी, धनिया, जीरा पाउडर, गरम मसाला सहित अन्य पिसे मसालों को भी जांच के दायरे में रखा गया है। विभाग के अनुसार खुले तेल और पिसे मसालों में मिलावट, गुणवत्ता में कमी तथा स्रोत, निर्माण और लेबल संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं होने की आशंका रहती है।

इन नियमों का करना होगा पालन

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने कारोबारियों को खाद्य तेल खुले में नहीं बेचने और निर्धारित पैकिंग एवं लेबल वाले तेल का ही विक्रय अथवा उपयोग करने को कहा है। पिसे मसालों की भी खुले रूप में बिक्री नहीं की जा सकेगी। खाद्य तेल एवं मसाले केवल विधिवत पैक और लेबलयुक्त रूप में ही खरीदे जाएं। कारोबारियों को खरीद के बिल और रिकॉर्ड सुरक्षित रखने तथा बिना लेबल या संदिग्ध स्रोत से प्राप्त खाद्य सामग्री के विक्रय एवं उपयोग से बचने के निर्देश दिए गए हैं।

अनाज तिलहन कल्याण उत्थान संघ चुनाव

अध्यक्ष पद के लिए 2 फार्म जमा उपाध्यक्ष के लिए 4 दावेदार, फार्मों की जांच आज, नाम वापसी कल

नामांकन के अंतिम दिन यशवंत साहू ने उपाध्यक्ष पद के लिए भरा फॉर्म, चार अक्टूबर को होगा मतदान

- नाम वापसी के बाद स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अनाज तिलहन व्यापार कल्याण उत्थान संघ के चुनाव को लेकर व्यापारिक क्षेत्र में सरगर्मी बढ़ गई है। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सोमवार को उपाध्यक्ष पद के लिए यशवंत साहू ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन की अंतिम तिथि तक अध्यक्ष पद के लिए दो और उपाध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशियों ने दावेदारी पेश की है। इसके साथ ही अन्य पदों के लिए भी व्यापारियों ने नामांकन फॉर्म जमा किए हैं।

अध्यक्ष पद के लिए राधेश्याम माहेश्वरी और गजेंद्र सिंह रघुवंशी ने नामांकन दाखिल किया है। उपाध्यक्ष पद के लिए यशवंत साहू, कुलदीप गुप्ता, रीतेश अग्रवाल और अजय जैन मैदान में हैं। महामंत्री पद के लिए विवेक जैन कुमेड़िया, महेंद्र जैन और मयंक अग्रवाल ने नामांकन जमा किया है। मंत्री पद के लिए यश जैन और सौमिल अग्रवाल ने फॉर्म भरा है। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद के लिए विजय अग्रवाल और संजीव जैन ने नामांकन दाखिल किया है। महासंघ प्रतिनिधि पद के लिए कुलदीप गुप्ता, रीतेश अग्रवाल, बृजेश जैन, राकेश बंसल, कपिल अग्रवाल, अमित उपाध्याय, सुमित जैन और आदर्श अग्रवाल ने दावेदारी पेश की है।

निर्वाचन अधिकारी आज करेंगे फार्मों की जांच

निर्वाचन अधिकारी घनश्याम बंसल और विनोद ठुकराल ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सोमवार को सभी फार्मों की जांच की जाएगी। इसके बाद 29 सितंबर मंगलवार को दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में बचे प्रत्याशियों की अंतिम स्थिति स्पष्ट होगी।

4 अक्टूबर को मतदान

अनाज तिलहन व्यापार उत्थान संघ के चुनाव के लिए 4 अक्टूबर रविवार को मतदान कराया जाएगा। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव की तारीख नजदीक आते ही प्रत्याशियों ने व्यापारियों से संपर्क और प्रचार-प्रसार तेज कर दिया है। अलग-अलग पदों के दावेदार व्यापारियों से समर्थन मांग रहे हैं। उपाध्यक्ष और अन्य पदों पर कई प्रत्याशी होने के कारण नाम वापसी के बाद मुकाबले की तस्वीर और स्पष्ट होगी।

मताधिकार से वंचित करना लोकतंत्र से खिलवाड़ : नायक

कटारे बोले: भाजपा जनादेश का सम्मान करने के बजाय चुनाव आयोग को बना रही ढाल

- एसआईआर के दौरान नाम हटाए जाने पर सवाल उठाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक और विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे का विदिशा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में स्वागत किया। बासौदा जाते समय नेताओं ने प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों पर मीडिया से चर्चा की। मुकेश नायक ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण और एसआईआर के दौरान नाम हटाए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से हटाना उसके मतदान के अधिकार से वंचित करना है।



विदिशा। उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे का स्वागत करते हुए शहर के कांग्रेसी।

उन्होंने मध्यप्रदेश में एसआईआर के दौरान हटाए गए नामों और प्रक्रिया का विवरण सार्वजनिक करने की मांग की। हेमंत कटारे ने आरोप लगाया कि भाजपा जनादेश का सम्मान करने के बजाय चुनाव आयोग को ढाल बनाकर सत्ता में बने रहने का प्रयास कर रही है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राहुल राज, विवेक त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।


ब्रज कॉलोनी में जुआ फड़ पर दबिश, सात धराए

नकदी, बाइक सहित 1.04 लाख रुपए का सामान जब्त, जुआ एक्ट में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जुआ, सट्टा और अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुरवाई पुलिस ने सिहोरा मंडीबामोरा की ब्रज कॉलोनी में जुआ फड़ पर दबिश देकर 7 जुआरियों को पकड़ा। पुलिस ने मौके से 6 हजार 400 रुपए नकद, 52 ताश के पत्ते और एक बाइक जब्त की है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 1 लाख 400 रुपए बताई गई है। पुलिस टीम अपराध विवेचना के सिलसिले में सिहोरा के फ्रीगंज क्षेत्र में मौजूद थी।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ब्रज कॉलोनी में जगदीश विश्वकर्मा के घर के सामने कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी और 7



लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने मनोज विश्वकर्मा (28), माजिद खां (40), गोपाल विश्वकर्मा (31), चैनसिंह रैकवार (33), जितेंद्र रैकवार (26), टीकाराम रैकवार (35) और पवन विश्वकर्मा (34) को पकड़ा है। सभी फ्रीगंज सिहोरा निवासी हैं।

मुनि निर्णय सागरजी के सानिध्य में निकला चल समारोह, एक-दूसरे से गले मिलकर मांगी क्षमा

क्षमावाणी पर्व पर चांदी की पालकी में निकले महावीर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

क्षमावाणी पर्व के अवसर पर रविवार को किलेअंदर स्थित शीतलनाथ दिगंबर जैन छोटा मंदिर से पूज्य मुनि 108 निर्णय सागरजी महाराज ससंघ के सानिध्य में विशाल चल समारोह निकाला गया। दोपहर 1 बजे शुरू हुआ समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए माधवगंज स्थित पाटनी निवास के सामने पहुंचा।

चल समारोह में चांदी की पालकी में भगवान महावीर विराजमान थे, जिसे श्रावक कंधों पर उठाकर चल रहे थे। पालकी के आगे विद्यासागर दिव्यघोष के बच्चे लयबद्ध धुनों के साथ श्रीजी का विहार करा रहे थे। बग्घी पर भगवान महावीर स्वामी, आचार्य विद्यासागरजी महाराज और आचार्य समय सागरजी महाराज के कटआउट आकर्षण का केंद्र रहे। रथ पर मां जिनवाणी को विराजमान किया गया था। युवा भजनों की थाप पर नृत्य करते हुए जैन धर्म की पताका लहराते हुए चल रहे थे। माधवगंज में श्रीजी के कलशाभिषेक, शांतिधारा और



मुनिश्री के प्रवचन हुए। इसके बाद समाजजनों ने एक-दूसरे से गले मिलकर क्षमा याचना की। सामूहिक क्षमावाणी के बाद चल समारोह वापस छोटे जैन मंदिर पहुंचा, जहां अभिषेक कर श्रीजी को वेदी में विराजमान किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के मंदिरों के ट्रस्टी, सोशल ग्रुप, महिला मंडल, समग्र पाठशाला और मुनि सेवक संघ का सहयोग रहा। सनातन हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष रामराज सहित उनकी टीम ने मुनिश्री का आशीर्वाद लिया। संचालन महेंद्र भैयाजी पवन पाटनी ने किया और आभार महामंत्री संजीव चंदौरिया ने व्यक्त किया।

खामखेड़ा पहुंची जल, जन सेवा संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। सेवा से संकल्प अभियान के तहत 'बड़नगर से वाराणसी जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा' गत दिवस ग्राम पंचायत खामखेड़ा कस्बा पहुंची। यहां शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीना, विधायक मुकेश टंडन ने शुभारंभ किया। यात्रा दल ने ग्रामीणों को जल संरक्षण, जनभागीदारी और सेवा के उद्देश्यों की जानकारी दी।

अन्नपूर्णा धाम लोहंगी पहाड़ी पर नवरात्रि में होंगे धार्मिक आयोजन, मातृशक्ति और पुरुष कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मां अन्नपूर्णा सेवा समिति द्वारा अन्नपूर्णा धाम, राजेंद्रगिरि लोहंगी पहाड़ी के वार्षिक धार्मिक कार्यक्रमों की घोषणा के साथ नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। समिति पिछले 12 वर्षों से शारदीय नवरात्रि के अवसर पर ध्वज यात्रा निकालती आ रही है।

इस वर्ष 12 अक्टूबर सोमवार को दोपहर 12 बजे कांच मंदिर, माधवगंज से भव्य ध्वज यात्रा निकलेगी। श्रद्धालुओं का एकत्रीकरण होटल राजावत, माधवगंज में होगा। यात्रा माधवगंज, हॉस्पिटल रोड,



नीमताल, कागदीपुरा, तिलक चौक और स्टेशन मार्ग से होते हुए अन्नपूर्णा धाम पहुंचेगी। नवरात्रि में मंदिर में घटस्थापना, धार्मिक पाठ और नवमी पर हवन का आयोजन होगा। इसके अलावा प्रत्येक पूर्णिमा को महाआरती की जाएगी। समिति के संस्थापक महिपाल सिंह राजपूत ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। मातृशक्ति कार्यकारिणी में अध्यक्ष मनोरमा दीक्षित, संयोजक जया लीलानी, सह-संयोजक अनीता श्रीवास्तव, महामंत्री अनामिका पचौरी और मंत्री उषा श्रीवास्तव शामिल हैं। पुरुष कार्यकारिणी में अध्यक्ष राधिका शरण दास, संयोजक वीरेंद्र धाकड़, सह-संयोजक सुमित मोतियानी, महामंत्री राजेंद्र यादव, मंत्री चेतन यादव तथा मीडिया प्रभारी राहुल शर्मा व राजू रैकवार बनाए गए। कार्यक्रम का संचालन सचिव प्रशांत खत्री ने किया। इस दौरान कथावाचक पं. राघव प्रिया सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

गणेश विसर्जन में शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

गणेश विसर्जन के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग और शांति व्यवस्था भंग करने वाले चार व्यक्तियों के खिलाफ कुरवाई पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पुलिस ने सभी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार आगामी त्योहारों को देखते हुए एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाने और आमजन में भय का माहौल पैदा करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 26 सितंबर को नरेंद्र अहिरवार (18), छोटू कुशवाह (21) और राज नंदराम (22), तीनों निवासी मंडी बामोरा, तथा फूल सिंह प्रजापति (38), निवासी कुरवाई के खिलाफ कार्रवाई की गई।

कार्रवाई में निरीक्षक आरके मिश्रा, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र परमार और आरक्षक इरफान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने कहा कि त्योहारों के दौरान हुड़दंग, लड़ाई-झगड़ा और शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

732 लोगों ने लिया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ

हाईटेक मशीन से हुई जांच, 213 लोगों के रक्त सैंपल लिए


- भोपाल से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों ने किया परीक्षण, विधायक मुकेश टंडन ने किया शुभारंभ।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

श्रीहित हरिवंश कल्याण समिति (मध्यभारत) के प्रयासों से रविवार को रीठा फाटक चौराहा स्थित राधा देवी परिसर में निःशुल्क मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में कुल 732 लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया, जबकि 213 लोगों की रक्त जांच की गई। मरीजों की जांच हाईटेक मशीनों एवं आधुनिक उपकरणों के माध्यम से की गई।शिविर में भोपाल के आनंदम हॉस्पिटल से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अलग-अलग बीमारियों से संबंधित मरीजों की जांच कर परामर्श दिया।

हड्डी व जोड़ दर्द, कमर दर्द, पेट संबंधी रोग, स्त्री रोग, पीसीओएस, किडनी व प्रोस्टेट, हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायराइड, माइग्रेन, स्ट्रोक, अस्थमा और लिवर संबंधी समस्याओं के मरीजों ने चिकित्सकीय सलाह ली। चिकित्सकों का किया सम्मानशिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं देने भोपाल से आए विशेषज्ञ



विदिशा। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य की जांच कराई।

चिकित्सकों का सम्मान किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन ने किया। इस दौरान सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष रामराज दांगी सहित समिति की पूरी टीम मौजूद रही।श्रीहित हरिवंश कल्याण समिति के संस्थापक राधिका शरण दास ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को एक ही स्थान पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श और स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले चिकित्सकों, कार्यकर्ताओं और अन्य सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

आठ घंटों तक रहा बिजली प्रदाय बंद

गंजबासौदा। रविवार को 33 केवी जेल फीडर के अंतर्गत 33/11 केवी उपकेंद्र बनवा जागीर में आवश्यक बस बार कंडक्टर ऑग्मेंटेशन का कार्य किया गया। जिसके चलते सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक प्लान शटडाउन रहा। मैंटेनेंश के चलते गायत्री नगर, साहू धर्मशाला, कर्मादेवी चौराहा, पुरानी नगर पालिका, मिर्जापुर, पंडापुरा, डीबी सिटी, नामदेव कॉलोनी, नई बस्ती, सिटी सेंटर, सिंधी कॉलोनी, अरिहंत नगर, त्योंदा रोड, पंचपीर, इंदिरा नगर, बनवा, नवनीत मैरिज गार्डन, लालपठार, सरस्वती नगर, शिव नगर, देसाई गार्डन और महागौर क्षेत्र में बिजली प्रदाय बंद रहा। साप्ताहिक अवकाश के दिन सुबह से लेकर शाम तक बिजली प्रदाय बंद रहने से विद्युत उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विद्युत उपभोक्ता बिजली के अभाव में विद्युत आधारित कार्य नहीं कर सके, आठ घण्टों तक बगैर पंखा के समय गुजारना पड़ा। वहीं पेयजल के लिए इधर उधर भटकना पड़ा। नागरिकों ने विद्युत कटौती बंद करने की अपील की है।

सर्व समाज का विशाल प्रदर्शन मंगलवार को


गंजबासौदा। यूजीसी अधिनियम 2026 को हटाने के विरोध में सर्व समाज द्वारा मंगलवार को एक दिवसीय विशाल विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि समाज-हित और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए नगर के समस्त प्रबुद्ध नागरिकों एवं युवाओं को एकजुट करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 सितंबर को दोपहर 12 बजे नगर के श्री शीतला शक्ति धाम पर सर्व-समाज के नागरिक एकत्र होंगे। तत्पश्चात वहाँ से एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन जुलूस के रूप में निकलेगा जो तहसील परिसर पहुँचेगा, जहाँ प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें सर्व-समाज, संघ के प्रतिनिधियों ने सभी समाज के नागरिकों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता दर्ज कराने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

ओमवीर प्रदेश प्रवक्ता, देवेन्द्र रघुवंशी को प्रदेश मीडिया प्रभारी की मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद ने संगठनात्मक विस्तार की गतिविधियों को गति देने के लिए प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रह्लाद सिंह रघुवंशी की अनुशंसा तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर रघुवंशी के अनुमोदन के बाद ओमवीर सिंह रघुवंशी को प्रदेश प्रवक्ता एवं देवेंद्र रघुवंशी पत्रकार को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी महासचिव राकेश सिंह रघुवंशी द्वारा जारी सूचना में दोनों नियुक्तियों की घोषणा की गई। संगठन ने दोनों पदाधिकारियों से परिषद की गतिविधियों, सामाजिक सरोकारों और संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से समाज के बीच पहुंचाने की अपेक्षा की है। नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता ओमवीर सिंह रघुवंशी जहां अपनी मंच संचालन क्षमता, आध्यात्मिक दृष्टिकोण और 'धर्मवाणी' के माध्यम से सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय पहचान रखते हैं, वहीं देवेंद्र रघुवंशी पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए सामाजिक सरोकारों और जनहित के विषयों को प्रभावी ढंग से सामने रखने के लिए जाने जाते हैं। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रह्लाद सिंह रघुवंशी ने बताया किअखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद समाज को संगठित करने, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और समाजहित से जुड़े



विषयों को लेकर विभिन्न स्तरों पर गतिविधियां संचालित करती रही है। उन्होंने कहा कि परिषद समाज की प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें उचित मंच देने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश प्रवक्ता के रूप में ओमवीर सिंह परिषद की ओर से विभिन्न विषयों पर संगठन का पक्ष रखने तथा संवाद स्थापित करने की जिम्मेदारी निभाएंगे। वहीं प्रदेश मीडिया प्रभारी के रूप में देवेंद्र रघुवंशी परिषद की गतिविधियों और कार्यक्रमों को मीडिया एवं सामाजिक सरोकारों, स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के साथ वे सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों से भी जुड़े रहे हैं। परिषद के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण में देखा सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रपति भवन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में विभागाध्यक्ष डॉ. भास्कर दुबे के नेतृत्व में 22 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण दिल्ली में आयोजित हुआ। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर देश की प्रमुख राजनीतिक एवं संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय का शैक्षणिक अवलोकन किया तथा न्यायपालिका की भूमिका, संवैधानिक व्यवस्था और न्यायिक प्रक्रिया को समझने का अवसर प्राप्त किया। साथ ही राष्ट्रपति भवन का भ्रमण कर विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति के संवैधानिक पद, उसकी गरिमा तथा भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में राष्ट्रपति भवन के महत्व को जाना। यात्रा का विशेष आकर्षण CSDS नई दिल्ली में राजनीति विज्ञान के प्रख्यात विद्वान डॉ. राजीव भार्गव से संवाद रहा। विद्यार्थियों ने समकालीन राजनीति, लोकतंत्र, संविधान एवं सामाजिक-राजनीतिक विषयों से जुड़े विभिन्न प्रश्न किए। डॉ. भार्गव ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें विषय को तार्किक, व्यापक एवं व्यवहारिक दृष्टिकोण से समझने के लिए प्रेरित किया। दल ने राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि, इंडिया गेट एवं राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का भी भ्रमण किया। विद्यार्थियों के ठहरने की व्यवस्था मध्य प्रदेश भवन में रही। यात्रा को सफल बनाने में महाविद्यालय की गंजबासौदा शिक्षा समिति एवं महाविद्यालय प्रबंधन समिति का विशेष योगदान रहा। वहीं प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे का मार्गदर्शन एवं सहयोग भी प्राप्त हुआ। दल में विभागाध्यक्ष डॉ. भास्कर दुबे, प्रो. मोहर सिंह गुर्जर, दिनकर कद्रे एवं मंजू जैन सहित 22 विद्यार्थी शामिल रहे। AOR अधिवक्ता मनीष तिवारी एवं अधिवक्ता गौतम का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे ने कहा कि ऐसी यात्राएं विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करती हैं तथा उनमें लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक व्यवस्था के प्रति समझ विकसित करती हैं। महाविद्यालय में इस प्रकार के नवीन प्रयोगात्मक एवं विद्यार्थी केंद्रित शैक्षणिक प्रयास निश्चित रूप से हमारी शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करेंगे।

महाविद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों के व्यावहारिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। इस शैक्षणिक यात्रा के लिए नगर के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

ब्राह्मण समाज का कार्यक्रम आयोजित, सात्विक शर्मा भी हुए सम्मानित

ब्राह्मण समाज के 180 मेधावियों और प्रतिभाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में रविवार को मानस भवन में दोपहर 12 बजे से मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 140 से अधिक विप्र समाज के मेधावी विद्यार्थियों और 40 से अधिक विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में हनुमान अंश फिल्म के बाल कलाकार सात्विक शर्मा का भी स्वागत सम्मान किया गया। ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में पूर्व शिक्षा मंत्री मुकेश नायक, अटेर विधायक हेमंत कटारे, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम सुंदर शर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश कटारे, मनोज कटारे, किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत दुबे, प्रसिद्ध कथा वाचक पं अभिषेक कृष्ण शास्त्री मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि भृगु संस्कृत विद्यालय के बटुकों के स्वस्तिवाचन के बीच भगवान परशुराम की पूजन अर्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संतोष शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अटेर विधायक हेमंत कटारे ने समाज के लिए हमेशा तत्पर रहने और सहयोग करने की बात कही। वहीं पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने पौराणिक कथाओं के माध्यम से बताया कि इनसे सीख लेकर हमें आगे बढना चाहिए। उन्होंने युवाओं और बच्चों को भी राम और कृष्ण के उदाहरण देते हुए व्यक्तित्व विकास के गुर सिखाए। वहीं भाजपा नेता श्याम सुंदर शर्मा और राकेश कटारे ने कहा कि हमें राजनैतिक मतभेद दूर रखकर समाज के विकास और उत्थान के लिए एक साथ काम करना चाहिए। अतिथियों के उद्बोधन के दौरान फिल्म हनुमान अंश के बाल कलाकार सात्विक शर्मा का विशेष रूप से सम्मान किया गया। वहीं कक्षा 10 वीं और 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 140 से अधिक विप्र समाज के होनहार विद्यार्थियों का स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। वहीं कुश्ती, कबड्डी, भाला फेंक, एथलेटिक्स, नृत्य, संगीत, कला, बैंक एवं शासकीय सेवाओं में चयनित होने वाली समाज की 40 से अधिक प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान आकृति दुबे को समाज की महिला विंग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन कवि आशीष दुबे ने किया और आभार पवन रिछारिया ने माना। इस अवसर पर नीलेश चतुर्वेदी, घनश्याम शर्मा, विकास शर्मा, मयंक तेनगुरिया, गगन दुबे, भानु शर्मा, अमित दुबे पट्टू, अमित शुक्ला, आकाश शर्मा, ध्रुव शर्मा बेचैन, पं मुन्नालाल शास्त्री, राकेश चतुर्वेदी सहित विदिशा, भोपाल, गुलाबगंज, सिरोंज, कुरवाई, नटेरन सहित आसपास के क्षेत्र, गांवों, कस्बों एवं नगरों से भी बडी संख्या में विप्रजन और मातृशक्ति शामिल हुईं। सभी अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए समय समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अंत में सभी को सहभोज कराया गया।

सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम आयोजित



गंजबासौदा। ग्राम सुनारी में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित किया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों को खिलौने वितरित किए गए। अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, राज रघुवंशी, संजू श्रीवास्तव, गजेन्द्र रघुवंशी, गणेश रघुवंशी, नरेन्द्र सिंह रघुवंशी मौजूद रहे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रीना शर्मा, सहायिका सुनीता अहिरवार का प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी बृजेन्द्र प्रताप सिंह राजपूत, एएनएम, आशा कार्यकर्ता सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं। वहीं वार्ड नंबर 5 सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में महिला मोर्चा की आरती श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, शिव कुमारी विश्वकर्मा, उमेश नामदेव बूथ अध्यक्ष और अन्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका द्वारा जनप्रतिनिधियों का स्वागत सम्मान एवं नई आंगनवाड़ी केंद्र का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर नन्दा सोनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बबीता नामदेव सहायिका सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

भागवत कथा व पितृ व्याख्यान के पूर्व नगर में निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



पितरों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और सनातन संस्कारों को समर्पित श्रीमद्भागवत कथा एवं पितृ व्याख्यान का शुभारंभ रविवार को भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। नगर के श्री शीतला शक्तिधाम माता मंदिर से शाम 4 बजे गाजे-बाजे के साथ मंगल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण किए और भक्ति भाव के साथ यात्रा में सहभागिता की। वहीं कथा के मुख्य यजमान मयंक तेनुगुरिया सपत्नीक सिर पर श्रीमद्भागवत की पोथी धारण पैदल यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा में संदीप तिवारी भजन मंडली में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। यात्रा के कथा स्थल पहुंचने पर विधि-विधान से श्रीमद्भागवत पोथी की स्थापना एवं पूजन किया गया। पूर्व विधायक स्व. रामनारायण तेनुगुरिया की स्मृति में आयोजित कथा 28 सितंबर से 10 अक्टूबर तक गणेशपुरा में प्रतिदिन शाम 4 बजे से होगी, जिसमें कथा एवं पितृ व्याख्यान होगा। जिसमें 29 सितंबर को परीक्षित कथा एवं शुकदेव जन्म, 1 अक्टूबर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 3 अक्टूबर को गिरिराज पूजन, 5 अक्टूबर को रुक्मणी विवाह, 7 अक्टूबर को सुदामा चरित्र, 8 अक्टूबर को नवयोगी संवाद और 9 अक्टूबर को परीक्षित मोक्ष कथा सार का प्रसंग होगा। 10 अक्टूबर को कथा समापन एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। कथा के प्रथम दिन कथावाचक पंडित केशव शास्त्री ने भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत केवल कथा नहीं, बल्कि मनुष्य को जीवन जीने की सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक ग्रंथ है। भागवत का श्रवण मनुष्य के भीतर भक्ति, संस्कार और सद्भाव की भावना को जागृत करता है। उन्होंने कहा कि पितरों का स्मरण हमारी सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिस परिवार में अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा का भाव बना रहता है, वहां संस्कारों की परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ती है। शास्त्री ने कहा कि आज की पीढ़ी को अपनी जड़ों और सनातन परंपराओं से जोड़ना आवश्यक है। पितृ स्मरण का अर्थ केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना और उनके संस्कारों को जीवन में आगे बढ़ाना भी है। भागवत श्रवण के माध्यम से मनुष्य को भक्ति के साथ अपने कर्तव्यों और पारिवारिक मूल्यों का भी बोध होता है।

रैकवार केवट समाज की बैठक आयोजित



गंजबासौदा। रविवार को रैकवार केवट समाज की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें समाज के विभिन्न सदस्यों की उपस्थिति में नवीन पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में गनपत रैकवार को रैकवार केवट समाज का अध्यक्ष एवं विक्की रैकवार को सचिव नियुक्त किया गया। नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति पर समाजजनों में हर्ष व्याप्त है। उपस्थित सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष एवं सचिव को बधाई देते हुए समाज की एकता, संगठन और विकास के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर समाज की ओर से नवनियुक्त एल्डरमैन गोपाल कुशवाहा का भी सम्मान किया गया। समाजजनों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक कार्यों में सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर राजू रैकवार, अनिल रैकवार, जमना रैकवार, मणिकांत रैकवार, राजा रैकवार, संदीप रैकवार, रामस्वरूप रैकवार, हरि रैकवार, धर्मेन्द्र रैकवार, रतिराम रैकवार, गुणीराम रैकवार सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

श्राद्ध और तर्पण की परंपरा जीवनभर चलती है

गया में पिंडदान पितरों की सद्गति का विशेष संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पितृपक्ष में गया श्राद्ध को लेकर समाज में कई तरह की धारणाएं प्रचलित हैं। इनमें सबसे प्रमुख भ्रांति यह है कि गया जी में पिंडदान करने के बाद वार्षिक श्राद्ध, पितृपक्ष या महालय श्राद्ध करने की आवश्यकता नहीं रहती। ज्योतिषाचार्य पंडित संजय पाठक के अनुसार यह धारणा निराधार है। उन्होंने बताया कि गया श्राद्ध पितरों की तृप्ति और सद्गति की कामना से किया जाने वाला विशेष कर्म है, लेकिन इसके बाद भी घर में होने वाले नियमित पिंडदान, तर्पण और वार्षिक श्राद्ध की परंपरा जारी रखनी चाहिए। ज्ञात हो कि गया श्राद्ध और वार्षिक श्राद्ध को लेकर लोगों में कई तरह की भ्रांतियां रहती हैं। कुछ लोग मानते हैं कि गया में एक बार पिंडदान करने के बाद जीवनभर वार्षिक श्राद्ध या पितृपक्ष में तर्पण करने की आवश्यकता नहीं रहती, जबकि शास्त्रीय परंपरा में गया श्राद्ध विशेष तीर्थ कर्म है, जबकि वार्षिक श्राद्ध और पितृपक्ष का श्राद्ध अपनी-अपनी परंपरा और तिथि के अनुसार किए जाते हैं। दोनों का स्वरूप और उद्देश्य अलग है। गया श्राद्ध विशेष तीर्थ श्राद्ध है, जबकि वार्षिक श्राद्ध दिवंगत पूर्वज की निर्धारित तिथि पर परिवार की परंपरा के अनुसार किया जाने वाला नियमित श्राद्ध कर्म है। इसलिए गया श्राद्ध के बाद भी वार्षिक श्राद्ध, पितृपक्ष में तर्पण और परिवार की परंपरा के अनुसार अन्य श्राद्ध कर्म जारी रखने चाहिए। पाठक ने कहा कि पितरों के प्रति श्रद्धा किसी एक दिन या एक तीर्थ तक सीमित नहीं है। गया में किया गया पिंडदान विशेष धार्मिक संकल्प है, जबकि वार्षिक श्राद्ध और पितृपक्ष में तर्पण अपनी पारिवारिक एवं सनातन परंपरा के अनुसार किए जाने वाले कर्म हैं। इसलिए गया श्राद्ध के बाद श्राद्ध कर्म बंद कर देना उचित नहीं है। संजय पाठक के अनुसार, गया धाम की पितृश्राद्ध परंपरा का संबंध भगवान श्रीराम और माता सीता से भी जुड़ा हुआ है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीराम अपने पिता राजा दशरथ के श्राद्ध के लिए गया आए थे। इसी प्रसंग में माता सीता द्वारा फल्गु नदी के तट पर पिंडदान किए जाने की कथा भी प्रचलित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार गया में पिंडदान करने के बाद ही इन तीर्थों में पिंडदान किया जाना चाहिए। आचार्य पाठक ने कहा कि पितृपक्ष केवल कर्मकांड का समय नहीं, बल्कि अपनी जड़ों और पूर्वजों को स्मरण करने का अवसर है। जिन पूर्वजों से परिवार को जीवन, संस्कार और परंपरा मिली, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना सनातन संस्कृति की महत्वपूर्ण विशेषता है।

क्षमावाणी के साथ पर्युषण पर्व का हुआ समापन



गंजबासौदा। पर्यूषण पर्व के पावन समापन अवसर पर 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन जिनालय में क्षमा, संयम और आत्मशुद्धि का संदेश देते हुए भव्य क्षमा वाणी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और एक-दूसरे से मन, वचन एवं काय से हुई जाने-अनजाने भूलों के लिए क्षमा याचना कर "उत्तम क्षमा" का आदर्श आत्मसात किया। मंगलाचरण की सुमधुर प्रस्तुति के पश्चात विधिवत रूप से क्षमा वाणी समारोह प्रारंभ हुआ। आयोजन के दौरान जिनालय परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव से सराबोर नजर आया। समारोह के दौरान श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर समिति द्वारा पांच या उससे अधिक उपवास की तपस्या करने वाले तपस्वियों का सम्मान किया गया। तपस्वियों के त्याग, तप और संयम की सराहना करते हुए उनके प्रति समाज की ओर से सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई। इसी क्रम में मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष इंद्रचंद जैन का भी समिति द्वारा माला पहनाकर सम्मान किया गया। क्षमावाणी समारोह के अवसर पर पात्र भावना का भी आयोजन किया गया। पात्र भावना के पुण्यार्जक परिवार के रूप में मंदिर समिति के वर्तमान अध्यक्ष अमित जैन संस्कृति ज्वेलर्स द्वारा यह धार्मिक आयोजन कराया गया। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पार्षद अंशलेखा रोहित भावसार सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं जैन समाज के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। अतिथियों एवं समाजजनों ने क्षमा वाणी के महत्व को आत्मसात करते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लिया। पर्यूषण पर्व के समापन पर आयोजित यह समारोह केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि "क्षमा वीरस्य भूषणम्" की भावना को जीवन में उतारने का संदेश भी दे गया।

हनुमान चालीसा पाठ भक्तिमय वातारण में संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

हिंदू चेतना सेवा समिति मंडल द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान और युवाओं को धर्म-आध्यात्म से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हनुमान चालीसा पाठ का 148 वां चरण शनिवार को श्री बिजासन माता मंदिर, वार्ड नंबर 24 में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सामूहिक रूप से हनुमान जी की आराधना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के पुजारी कृष्ण नाथ ने माता बिजासन और भगवान हनुमान की विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सात बार संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया। सामूहिक पाठ के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ हनुमान जी का स्मरण किया। हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत अर्णव रघुवंशी, सचिन पाल और हर्षित विश्वकर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। कार्यक्रम के अंत में भगवान हनुमान और माता बिजासन की आरती की गई। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने उपस्थित लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन पर गंभीर असर डालता है। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने और समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने युवाओं को धर्म, आध्यात्म और संस्कारों से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा धार्मिक आयोजनों के माध्यम से युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित करने और उन्हें सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। इस अवसर पर लखन सिंह गुर्जर, जसवंत सिंह राजपूत, जगदीश कुशवाहा, मोहित तिवारी, रोहित नाथ, आकाश जैन, नितिन अग्रवाल, ऋतिक पांचाल, राजू सिंह दांगी, महेंद्र पाल, अनिकेत पाल, अर्पित विश्वकर्मा, मधुर वर्मा, दिनेश सेन, राजू नाथ, गोलू कुशवाहा, मुकेश प्रजापति, सोनू प्रजापति, हरिओमनाथ और राजू नाथ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

आज पितृ पक्ष में मुक्ति धाम में होगा भजन संकीर्तन

खुरई। पितृ पक्ष की पावन बेला पर बाबा भोलेनाथ की पावन पवित्र भूमि श्मशान में भजन एवं संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। रणजीत भक्त मंडल खुरई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का यह चौथा वर्ष है। आयोजकों ने बताया कि मोरारी बापू द्वारा मानस मशान (राम कथा) से प्रेरित होकर पितृ पक्ष में यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 28 सितम्बर सोमवार को सायं 7 बजे से भोले इच्छा तक, स्थान- मुक्तिधाम खुरई में आयोजित होगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने पितरों के नाम एक दीपक अवश्य जलाने की अपील की है।

स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026

सागर। स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेखों के निष्पादन एवं पंजीयन कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से कार्यालय कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदारों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि ग्रामवार एवं पटवारीवार प्रगति की सूची तैयार कर प्रतिदिन कार्य की समीक्षा की जाए। साथ ही सेक्टर ऑफिसर के माध्यम से मैदानी स्तर पर कार्य का सत्यापन कराया जाए। जारी एसओपी एवं दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला बदर बदमाश को सागर सीमा से बाहर किया

सागर। थाना बरायठा पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त ग्राम दतया निवासी गुंडा बदमाश मुलायम यादव के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की। जिला दंडाधिकारी सागर द्वारा उसे छह माह के लिए जिला बदर किए जाने का आदेश जारी किया गया था। पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन में पुलिस ने आदेश की तामील कराते हुए मुलायम यादव को सागर जिले की सीमा से बाहर छोड़ा। कार्रवाई थाना प्रभारी उनि. अरविंद सिंह ठाकुर सहित पुलिस टीम ने की।

मालथौन में पुलिस का जनसंवाद, ग्रामीणों से सुनी समस्याएं

सागर। पुलिस-जनता के बीच संवाद और विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से मालथौन बस स्टैंड पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने एसडी ओपी खुरई काजल सिंह, थाना प्रभारी दिनेश भोजक और पुलिस स्टाफ के साथ ग्रामीणों एवं नगरवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। एएसपी ने नागरिकों से अवैध शराब, जुआ -सट्टा, नशे के कारोबार सहित अन्य अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस या डायल- 112 को देने की अपील की। साथ ही व्यापारियों और नागरिकों को महत्वपूर्ण स्थानों व प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष राणा बुंदेला, तहसीलदार राम प्रसाद ठाकुर सहित नागरिक मौजूद रहे।

सुपरवाइजरों के क्षेत्र में नहीं पहुंचने से व्यवस्था पर उठ रहे सवाल


आंगनबाड़ी केंद्रों की बदहाली पर उठे सवाल महीनों से निरीक्षण नहीं होने के आरोप

आरोप- कार्यकर्ताओं को कार्यालय बुलाकर निरीक्षण के नाम पर की जाती है खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित कई आंगनबाड़ी केंद्रों का महीनों तक निरीक्षण नहीं किया जाता। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित केंद्रों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए जिम्मेदार सुपरवाइजरों के नियमित निरीक्षण नहीं करने के कारण केंद्रों की व्यवस्थाएं भगवान भरोसे चल रही हैं। क्षेत्र में पदस्थ करीब 9 सुपरवाइजरों में से अधिकांश के नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण नहीं करने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई सुपरवाइजर विदिशा, भोपाल सहित अन्य शहरों से प्रतिदिन अपडाउन करती हैं। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों के केंद्रों तक नियमित पहुंचना संभव नहीं हो पाता। आरोप यह भी है कि निरीक्षण के नाम पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को ही सिरोंज स्थित निवास अथवा कार्यालय पर बुलाकर आवश्यक कागजी खानापूर्ति कर ली जाती है। यदि इन शिकायतों की वास्तविकता सामने लानी है तो विभागीय अधिकारियों को अचानक ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करना चाहिए।





कई केंद्रों पर बच्चों की संख्या भी संदिग्ध

ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र के कई आंगनबाड़ी केंद्र ऐसे हैं, जहां महीनों तक बच्चे नियमित रूप से पहुंचते ही नहीं हैं। कुछ केंद्रों पर कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा केंद्र खोलकर केवल उपस्थिति और अन्य विभागीय प्रक्रिया पूरी करने की खानापूर्ति किए जाने के आरोप हैं। ग्रामीण क्षेत्र के कई केंद्रों पर कई-कई दिनों तक ताले लगे रहने की शिकायत भी सामने आई है। ऐसे में सवाल यह है कि जिन केंद्रों का उद्देश्य छोटे बच्चों को पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है, वहां यदि बच्चे ही नहीं पहुंच रहे तो इसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी है।

बच्चों की संख्या के अनुरूप नहीं पहुंच रहा दलिया

आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को वितरित किए जाने वाले पोषण आहार को लेकर भी शिकायतें सामने आई हैं। आरोप है कि कई केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों की संख्या के अनुरूप दलिया एवं अन्य खाद्य सामग्री नहीं पहुंचती। नगर के वार्ड क्रमांक एक स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को लेकर भी ऐसी ही शिकायत सामने आई है। यदि केंद्र पर पंजीकृत बच्चों की संख्या अधिक है तो खाद्यान्न भी उसी अनुपात में उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

कार्यकर्ता ने बताई समस्या कहा- इतने ही राशन में मैनेज करना पड़ता है

वार्ड क्रमांक एक के आंगनबाड़ी केंद्र को लेकर वार्ड पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा ने केंद्र की संचालिका ज्योति राठौड़ से बच्चों की संख्या के अनुपात में कम दलिया मिलने को लेकर सवाल किया। वार्ड पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा के अनुसार संचालिका ने बताया कि केंद्र पर करीब 50 से 60 बच्चे पंजीकृत हैं, लेकिन उन्हें इसी के अनुपात में पर्याप्त राशन नहीं मिलता और उपलब्ध राशन में ही व्यवस्था मैनेज करने के लिए कहा जाता है। हालांकि इस संबंध में विभागीय स्तर से वास्तविक स्थिति की जांच किया जाना आवश्यक है।

मोबाइल में व्यस्त रहती हैं कार्यकर्ता व सहायिका

ग्रामीणों ने कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मोबाइल फोन में व्यस्त रहने की शिकायत भी की है। ग्रामीणों द्वारा सवाल किए जाने पर यह जवाब दिया जाता है कि अब विभाग का अधिकांश काम ऑनलाइन मोबाइल के माध्यम से होता है। ग्रामीणों का कहना है कि ऑनलाइन कार्य अपनी जगह है, लेकिन केंद्र पर आने वाले बच्चों की देखरेख और पोषण व्यवस्था भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

छोटे कामों के लिए सिरोंज के चक्कर लगाने को मजबूर कार्यकर्ता

ग्रामीण क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को विभागीय कार्यों के लिए बार-बार सिरोंज बुलाया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अधिकारियों द्वारा अधिकांश कार्य ऑनलाइन अथवा स्थानीय स्तर पर व्यवस्थित किए जाए तो कार्यकर्ताओं का समय बच्चों की देखभाल में लगाया जा सकता है। वर्तमान व्यवस्था में कार्यकर्ता और सहायिका कई बार केंद्र से अधिक समय विभागीय कार्यों के लिए सिरोंज में बिताती नजर आती हैं।

शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं होने का आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं को लेकर शिकायतें करने के बावजूद कई मामलों में प्रभावी जांच नहीं की जाती। यही कारण है कि संबंधित कर्मचारियों में कार्रवाई का भय कम होता जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला एवं परियोजना स्तर के अधिकारियों से मांग की है कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जांच के दौरान केंद्रों पर दर्ज बच्चों की संख्या, वास्तविक उपस्थिति, प्राप्त एवं वितरित पोषण आहार, खाद्यान्न के स्टॉक, केंद्र खुलने के समय, निरीक्षण पंजिका तथा सुपरवाइजरों के निरीक्षण रिकॉर्ड की जांच की जाए। यदि कहीं अनियमितता मिलती है तो जिम्मेदारों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि शासन की योजना का वास्तविक लाभ बच्चों तक पहुंच सके।

इनका कहना है...

यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो जांच कराई जाएगी।

इमा बैला, परियोजना अधिकारी, महिला बाल विभाग सिरोंज



अंधी हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

सागर। थाना भानगढ़ पुलिस ने ग्राम रामसागर में हुई 55 वर्षीय अवधबाई आदिवासी की हत्या का खुलासा करते हुए उसके पति मुल्ले आदिवासी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 20 सितंबर को अवधबाई घर में मृत मिली थीं। पति ने मृत्यु का कारण अज्ञात बताया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने से मौत की पुष्टि होने पर हत्या का मामला सामने आया। पुलिस ने घटनास्थल के निरीक्षण, साक्षियों के कथनों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर संदेही मुल्ले आदिवासी से पूछताछ की, जिसमें पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे गिरफ्तार किया गया ।कार्रवाई एसपी अनुराग सुजानिया के निर्देशन, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी नरेंद्र सोलंकी और एसडीओपी बीना अजय सनकत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धनेन्द्र यादव सहित पुलिस टीम ने की।

इंफ्लुएंजा व अन्य फ्लू की टेस्ट किट खरीदी के लिए पूर्वमंत्री ने स्वास्थ्य मंत्री शुक्ल से आग्रह किया

सागर। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री राजेन्द्र शुक्ल को पत्र लिख कर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर और मध्यप्रदेश के सभी अस्पतालों में इन्फ्लूएंजा वायरस व अन्य फ्लू की जांच के लिए टेस्ट किट उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने अपने पत्र में मंत्री राजेन्द्र शुक्ल को लिखा है कि इन्फ्लूएंजा वायरस व अन्य फ्लू की जांच के लिए आवश्यक मशीन बीएमसी सागर में उपलब्ध है परंतु उसकी टेस्ट किट न तो बीएमसी में है और मध्यप्रदेश के किसी मेडीकल कालेज तथा शासकीय जिला चिकित्सालय में भी इसकी टेस्ट किट उपलब्ध नहीं है। इसके अभाव में राज्य से बाहर से इन्फ्लूएंजा वायरस व अन्य फ्लू की जांचें कराई जा रही हैं। पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने रेखांकित किया है कि राज्य के बाहर से यह जांच कराने पर टेस्ट रिपोर्ट आने में 48 घंटे लगते हैं। इसकी जांच का शुल्क भी बहुत ज्यादा लगता है जिसका खर्च उठाना आम और गरीब मरीजों को संभव नहीं हो पाता। ऐसी परिस्थितियों में इन्फ्लूएंजा और अन्य फ्लू के अनेक मरीजों का समुचित उपचार नहीं हो पा रहा है। उन्होंने पत्र में आग्रह किया है कि इस समय प्रदेश में फ्लू के मरीजों की संख्या बहुत ज्यादा है अतः टेस्ट किट की सुविधा मध्यप्रदेश के सभी शासकीय और प्राइवेट अस्पतालों में उपलब्ध कराई जाए। साथ ही किट खरीदी हेतु आदेश जारी किए जाएं।

नमो सेवा संकल्प यात्रा के सागर आगमन पर महापौर ने किया भव्य स्वागत

सागर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत बड़नगर से बनारस तक चल रही 'नमो सेवा संकल्प यात्रा क्रमांक-3' के सागर आगमन पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने अपने गोपालगंज स्थित निवास पर आत्मीय स्वागत किया। यात्रा के सागर आगमन पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के लिए समर्पित रहा है। 'नमो सेवा संकल्प यात्रा' प्रधानमंत्री जी की सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि सागर में इस यात्रा का आगमन सभी कार्यकर्ताओं के लिए गौरव और उत्साह का विषय है। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश को नई दिशा और गति प्रदान की है। 'सेवा संकल्प अभियान' सेवा एवं जनकल्याण की भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति इस संकल्प को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए बस एक धक्के की आवश्यकता है : अंशुल शर्मा

सागर। शहर सेवादल परिवार का मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम स्वामी विवेका नंद प्रतिमा के समक्ष विश्वविद्यालय मार्ग उद्यान पर संपन्न हुआ। ध्वजारोहण पूर्व अध्यक्ष डॉ. सर हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय एनएसयूआई के अंशुल शर्मा के कर कमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष अंशुल शर्मा ने भाजपा सरकार पर शिक्षण संस्थानों में राजनीतिक हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में सबसे ज्यादा दमन शिक्षण संस्थानों में देखने को मिल रहा है।

अंशुल शर्मा ने कहा नियुक्तियां मेरिट के आधार पर नहीं, बल्कि सिफारिशों के आधार पर हो रही हैं। भाजपा के जिला अध्यक्ष कुलगुरु बनाए जा रहे हैं और शिक्षण संस्थानों को राजनीतिक विचारधारा का केंद्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र और युवा इस तरह के दबाव से डरने वाले नहीं हैं। हमने 200 साल तक शासन करने वाले अंग्रेजों को देश से बाहर कर दिया था, ये तो 15 साल से सत्ता में आए लोग हैं। इनसे डरने का सवाल ही नहीं है। अंशुल शर्मा ने आगे कहा कि लोकतंत्र में जनता की ताकत सबसे बड़ी होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और युवाओं से संघर्ष जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा, "भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए अब बस एक आखिरी धक्का देने की जरूरत है।

इस मौके पर जिला महासचिव महक राय ने कहा कि जैन जी आंदोलन में शामिल विद्यार्थियों को जो डराया धमकाया जा रहा है,वो इस सरकार का डर है, नई पीढ़ी डरने वाली नहीं है बल्कि नई पीढ़ी सरकार की छाती पे चढ़कर इस्तीफा लेने वाली है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत नप अध्यक्ष ने किया पौधरोपण

एनएच-45 के डिवाइडर पर लगाए पौधे, जन प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने नेशनल हाईवे-45 के डिवाइडर पर पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, पार्षद ठाकुर सिंह पटेल, पूरन सिंह धाकड़, चंद्र प्रकाश मेहरा, राघवेंद्र रघुवंशी, भरत शर्मा, वीरेंद्र धाकड़, एल्डरमैन फूल सिंह धाकड़, शारदा प्रसाद सराठे प्रकाश राय सहित नगर परिषद के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अतिथियों ने पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल की आवश्यकता पर जोर देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन के साथ नगर की सुंदरता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से पौधारोपण के साथ लगाए गए पौधों की देखभाल करने की अपील की।

तिल कुश जल से किया जा रहा तर्पण


मां नर्मदा एवं घोगरा नदी किनारे पितरों के लिए हो रहा तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पितृपक्ष के प्रथम दिन शनिवार से मां नर्मदा के उत्तर तट स्थित मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल एवं नगर के हनुमानगढ़ी के पास घाट पर भारी संख्या में लोगों द्वारा पहुंचकर अपने पितरों को जल तर्पण किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति सनातन धर्म में पितरों को शांति के लिए तर्पण और तिथि पर श्राद्ध किए जाने की प्राचीन परंपरा है

तर्पण के साथ श्राद्ध

नगर के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे लोगों द्वारा विधि विधान से नर्मदा तट मांगरोल और वारना घोघरा नदियों के किनारे सुबह-सुबह पहुंचकर पितरों के लिए तर्पण किया जा रहा है। विद्वान पंडितों की उपस्थिति और मंत्रों के साथ तर्पण की क्रिया संपन्न हो रही है। इसी के साथ परिवारों में मृत्यु की तिथि पर पूर्वजों के लिए श्राद्ध भोजन का भी आयोजन किया जा रहा है। सुबह-सुबह नर्मदा तट मांगरोल एवं घोगरा नदी किनारे हनुमानगढ़ी मंदिर के पास घाट पर श्रद्धालुओं की भारी उपस्थित हो रही है।



पर्यूषण पर्व व श्रावक संस्कार शिविर का समापन

चांदी की पालकी में निकली श्रीजी की शोभायात्रा

बरेली। 10 दिवसीय पर्यूषण पर्व एवं रामलीला मैदान में लगे जैन समाज के श्रावक संस्कार शिविर के समापन पर रविवार को दोपहर में चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर से भव्य शोभा यात्रा चल समारोह प्रारंभ हुआ। नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर रामलीला मैदान में शोभायात्रा का समापन हुआ। मुनिश्री विमल सागर महाराज, मुनिश्री अनंत सागर महाराज के सानिध्य में निकली चांदी की पालकी में श्रीजी की शोभायात्रा में नगर के साथ अन्य स्थानों से आए जैन समाज के परिवार सम्मिलित हुए। बैंड पार्टी, रमतुल्ला पार्टी की मधुर धुनो नृत्य के साथ निकाली शोभायात्रा में पाठशाला के बच्चे ध्वज लेकर सम्मिलित हुए। शोभा यात्रा में एक से परीधान में पुरुषों महिलाओं के साथ बालिका मंडल जैन समाज के नर नारियों की भारी उपस्थिति रही।

जगह-जगह किया स्वागत

शोभायात्रा चल समारोह का नगर भ्रमण के दौरान स्थान स्थान पर पूजन स्वागत जैन समाज के परिवारों द्वारा किया गया। रामलीला मैदान में शोभा यात्रा के समापन



बाद अभिषेक शांति धारा के साथ जैन मुनि के मंगल प्रवचन हुए। कार्यक्रमों में जैन समाज के नर नारियों की भारी उपस्थिति बनी रही।

बारना डेम डेढ़ मीटर खाली, भू-जल स्तर पर असर

आसमान में बादलों का डेरा, नहीं हो रही बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

चालू वर्षा सीजन समाप्त होने की ओर बढ़ रहा है। क्षेत्र में आधी से भी कम बारिश किसानों और क्षेत्र के निवासियों में चिंता और चर्चा का कारण बन रही है। बाड़ी बकतरा बरेली उदयपुरा तहसीलों में नेहर के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने वाला बाड़ी स्थित बारना बांध क्षमता से लगभग डेढ़ मीटर खाली है। कम बारिश के कारण गिरा भूजल स्तर ऊपर नहीं आ रहा है। पुराने हैंड पंपों ट्यूबवेलो से कम पानी आने की चिंता निवासियों एवं किसानों को परेशान कर रही है।

नहीं खुले बांध के गेट

पिछले वर्ष औसत से अधिक बारिश होने से बाढ़ जल भराव और वारना बांध के गेट



बार-बार खोलने की स्थिति बनी थी। इस वर्ष सीजन में एक बार भी बारना बांध के गेट नहीं खुले हैं। नदी नालों में भी कम पानी की स्थिति बन रही है जब भी वरगी डेम के गेट खोले जाते हैं तो नर्मदा का जलस्तर जरूर बढ़ जाता है।

आसमान में बादल बारिश का इंतजार

पिछले दो-तीन दिनों से आसमान में वर्षा वाले बादल बने रहने के साथ तेज हवा भी चल रही है परंतु बारिश न होने की स्थिति किसानों में चिंता का कारण बन रही है। धान में बालियां निकलना शुरू हो गई धान पकाने में अभी लगभग दो माह का समय शेष है ऐसे में कम बारिश और बादल छा जाने के बाद भी बारिश ना होना भारी चिंता का कारण बन रहा है। 15 सितंबर के बाद बारिश की विदाई हो जाती है जबकि सितंबर माह की विदाई हो रही है।

आवारा श्वानों के झुंड से शहर में दहशत, चौक चौराहों से गलियों तक बढ़ा हादसों का खतरा

स्कूल जाने वाले बच्चे ज्यादा परेशान, रोज दर्जन भर लोग डॉग बाइट से पहुंच रहे जिला अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के मुख्य चौक चौराहों से लेकर कॉलोनियों, मोहल्लों के चौक-तिराहों और गलियों तक इन दिनों आवारा श्वानों के झुंड लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। सड़क किनारे बैठे श्वान अचानक राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों पर झपट पड़ते हैं। कई बार वाहन के पीछे दौड़ने लगते हैं। इससे चालक घबरा जाते हैं और असंतुलित होकर गिरने का खतरा बना रहता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है। बस स्टैंड, महामाया चौक, पाटनदेव, इंडियन चौराहा, रामलीला मैदान, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पुराना बस स्टैंड, कुरैशी मोहल्ला, गंज बाजार, शिकारपुरा, कलेक्ट्रेट कॉलोनी, गोपालपुर पुरानी बस्तियों सहित शहर के कई इलाकों में श्वानों के झुंड आसानी से नजर आ जाते हैं। सुबह और शाम के समय इनकी सक्रियता और बढ़ जाती है।



पीछे दौड़ते हैं श्वान, डरकर तेज चलाते हैं बच्चे

साइकिल और स्कूटी से स्कूल जाने वाले बच्चों को इन झुंडों के कारण सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों का कहना है कि कई रास्तों पर अचानक श्वान पीछे दौड़ने लगते हैं। डर के कारण वे साइकिल या स्कूटी की रफ्तार बढ़ा देते हैं। ऐसे में गिरकर घायल होने का खतरा रहता है।अभिभावकों का कहना है कि स्कूल आने-जाने वाले रास्तों पर विशेष निगरानी की जरूरत है।

त्योहारों में बढ़ी आवाजाही, इसलिए चिंता ज्यादा-वर्तमान में पितृपक्ष चल रहा है और आगामी शारदीय नवरात्रि को लेकर शहर में धार्मिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी। सुबह-शाम लोग धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में शामिल होने के लिए घरों से निकल रहे हैं। ऐसे में भीड़भाड़ वाले रास्तों पर श्वानों के झुंड अचानक दौड़ने से परेशानी और दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।

एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे

आवारा श्वानों के हमलों का असर जिला अस्पताल में भी दिखाई दे रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से रोजाना एक दर्जन से अधिक लोग डॉग बाइट के बाद एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। पिछले दिनों एक शासकीय शिक्षक, एक बालक और एक स्कूली छात्रा को श्वानों द्वारा घायल किए जाने के मामले सामने आ चुके हैं। सलामतपुर क्षेत्र में भी श्वानों के हमले से तीन-चार लोगों के घायल होने की शिकायतें सामने आई थीं। वहां अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं होने के कारण घायलों को उपचार के लिए रायसेन और विदिशा जिला अस्पताल जाना पड़ा था।

चौराहों और स्कूल, कॉलेज मार्गों पर निगरानी की मांग

लोगों का कहना है कि सिर्फ नसबंदी अभियान से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। स्कूल-कॉलेज मार्गों, बाजारों, बस स्टैंड और प्रमुख चौराहों पर श्वानों के झुंड को नियंत्रित करने के लिए नियमित निगरानी और आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। नागरिकों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से अभियान को लगातार चलाने की मांग की है।

क्या कहते हैं लोग...

वार्ड नंबर-3 निवासी हिरेंद्र कुशवाहा और महेश यादव रामबाबू मेहर पूर्व पार्षद संतोष यादव पन्नी ने बताया कि बच्चे साइकिल और स्कूटी से स्कूल-कॉलेज जाते हैं। रास्ते में श्वानों का झुंड अचानक पीछे दौड़ता है तो बच्चे डर जाते हैं। संवेदनशील रास्तों पर विशेष व्यवस्था की जरूरत है।

इनका कहना है...

रायसेन शहर में आवारा श्वानों को पकड़ने और नसबंदी के लिए प्रक्रिया चल रही है। शीघ्र ही टेंडर जारी किया जाएगा। इसके बाद अभियान शुरू होने से समस्या कम होने की उम्मीद है।
शशिकांत मोहोड़, स्वच्छता अधिकारी, नगर पालिका रायसेन

ग्रामीण बोले- हमले में गंभीर घायल ही पर केस दर्ज करना गलत है

एसपी कार्यालय के सामने घायल नंदकिशोर पर धारा 327 लगाने के विरोध में किया चक्काजाम

एसडीएम-एसडीओपी के निष्पक्ष जांच के आश्वासन पर आधे घंटे बाद खत्म हुआ विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रविवार को सांची मार्ग पर स्थित एसपी कार्यालय के सामने ग्राम नेवली के ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। उन्होंने बताया कि कोतवली पुलिस ने हमले में घायल नंदकिशोर बैरागी पर ही काउंटर केस बनाकर भादवि की धारा 327 के तहत प्रकरण दर्ज कर दिया है, जो सरासर गलत है।

क्योंकि नंदकिशोर हमले से गंभीर घायल है और हमीदिया अस्पताल भोपाल में उसका इलाज रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मामले में बारीकी से जांच पड़ताल कर और नंदकिशोर पर लगी धाराओं व प्रकरण को हटाने की मांग की। उल्लेखनीय है कि विगत 21 सितंबर को युवक 22 वर्षीय नंदकिशोर बैरागी निवासी ग्राम नेवली, जिला रायसेन अपनी ससुराल धनियाखेड़ी गया था। आरोप है कि आरोपी राहुल बैरागी ने पूरेन तालाब के समीप बिजली कंपनी के ठेकेदार यशपाल सिंह के सामान की रखवाली सोते समय नंदकिशोर पर चाकू छुरी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में नंदकिशोर बैरागी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर हमीदिया अस्पताल भोपाल रेफर किया गया।

परिजनों का आरोप है कि एक ओर नंदकिशोर हमले में गंभीर रूप से घायल हुआ, वहीं दूसरी ओर पुलिस ने उसके खिलाफ भी धारा 327 के तहत मामला दर्ज कर लिया। इसी कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। चक्काजाम की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम मनीष शर्मा और एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने ग्रामीणों से चर्चा की। अधिकारियों ने मामले की जांच कर नियमानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद करीब आधे घंटे से चल रहा चक्काजाम समाप्त हुआ और यातायात बहाल हो सका।

दोनों पक्षों पर काउंटर केस से बढ़ा विवाद

ग्रामीणों का कहना है कि घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज किया है। उनका आरोप है कि नंदकिशोर बैरागी पर लगाई गई धारा गलत है और पुलिस से कई बार निष्पक्ष जांच की मांग की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय के सामने चक्काजाम किया।

ग्राहकों में बना रहा भ्रम सलामतपुर समेत कई शाखाओं में पसरा सन्नाटा

बैंकों की 3 दिवसीय हड़ताल से पहले रविवार को खुले रहे बैंक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

देशभर में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) द्वारा घोषित तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल (28 से 30 सितंबर) से बैंकिंग सेवाओं पर गहरा संकट मंडराने लगा है। हड़ताल के कारण आम जनता और व्यापारियों को होने वाली भारी असुविधा को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों पर रविवार को भी बैंक शाखाएं खोली गईं। हालांकि, रविवार को बैंक खुले रहने की जानकारी न होने के कारण ग्राहकों की संख्या बेहद कम रही और अधिकांश शाखाओं में सन्नाटा देखने को मिला।

खुले बैंक देखकर चौके लोग, कम पहुंची भीड़

सलामतपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा जब रविवार की सुबह खुली, तो राहगीर और स्थानीय नागरिक अचंभे में पड़ गए। आमतौर पर रविवार को बैंक पूर्णतः बंद रहते हैं, ऐसे में शाखा में कामकाज देखकर लोग एक-दूसरे से वजह पूछते नजर आए। हालांकि, समय पर प्रचार-प्रसार न होने की वजह से बहुत कम ग्राहक ही लेन-देन या अन्य कार्यों के लिए पहुंचे। कई लोगों को लगा कि शायद यह कोई आंतरिक कार्यालयीन कार्य है, जिसके चलते बैंक के भीतर काफी कम चहल-पहल रही।

70 वर्षीय महिला अवैध शराब बेचते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसते हुए एक वृद्ध महिला के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर महिला को रंगे हाथों पकड़कर उसके कब्जे से 17 क्वार्टर देशी प्लेन शराब बरामद की है। महिला सम्पत बाई के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस टीम को सूचना मिली कि ग्राम खोहा में एक महिला अपने घर के सामने अवैध रूप से शराब बेच रही है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीम ने ग्राम खोहा स्थित आरोपी के ठिकाने पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी महिला सम्पत बाई पिता राधेलाल, उम्र 70 वर्ष निवासी ग्राम खोहा, अपने घर के सामने अवैध रूप से शराब रखे हुए पाई गई। पुलिस ने कब्जे से 17 क्वार्टर देसी प्लेन शराब जब्त की मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सलामतपुर श्यामराज सिंह सोमवंशी का कहना है, क्षेत्र में किसी भी तरह के अवैध नशे और कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



फसल में दाना भरने के समय हवा चली तो उत्पादन पर हो सकता असर

तेज हवा से धान किसान चिंतित, फसल आड़ी होने का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से चल रही तेज हवा ने धान उत्पादक किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में कहीं धान गागोट अवस्था में है तो कई खेतों में बालियां निकलना शुरू हो गई हैं। ऐसे में हवा की रफ्तार बढ़ने से लंबे पौधों के आड़ी होने की आशंका किसानों को सता रही है।

किसानों का कहना है कि बाली निकलने के बाद पौधे जमीन पर गिर गए तो दाना भरने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इससे उत्पादन घटने के साथ कटाई में भी परेशानी आएगी। इस वर्ष क्षेत्र में बारिश सामान्य रही, लेकिन कई स्थानों पर वर्षा देर से होने के कारण धान का रकबा पिछले वर्षों की तुलना में कम हुआ है। इसके



बावजूद किसानों ने मेहनत कर फसल तैयार की। किसानों के अनुसार अब तक फसल की स्थिति संतोषजनक है। इस बार धान में माहू और इल्ली का प्रकोप भी अपेक्षाकृत कम रहा है। कुछ किसानों ने मौसम को फसल के अनुकूल बताया तो कई ने समय रहते कीटनाशक और रोग नियंत्रण की दवाओं का छिड़काव कर फसल को सुरक्षित रखा। समय पर रोपाई वाले खेतों में धान के पौधों की ऊंचाई अच्छी हो गई है और अब बालियां निकल रही हैं। किसानों की चिंता दाना भरने के समय को लेकर है। बाली में दाना भरने के साथ उसका वजन बढ़ता है। ऐसे में तेज हवा चलने पर लंबे पौधे जमीन पर गिर सकते हैं। फसल के आड़ी होने से मशीन और मजदूरों से कटाई में परेशानी के साथ दानों की गुणवत्ता और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका रहती है।

किसानों का कहना है कि धान की खेती में बीजए खादए दवाए मजदूरी और सिंचाई सहित काफी लागत आती है। मौसम की मार से पूरी मेहनत प्रभावित हो सकती है। किसान चाहते हैं कि मौसम फसल के अनुकूल रहेए ताकि धान सुरक्षित रूप से पककर तैयार हो सके। क्षेत्र में इस बार धान का रकबा कम होने से बेहतर भाव मिलने की उम्मीद है।

वडनगर से वाराणसी तक जाने वाली सेवा संकल्प यात्रा का बाड़ी में स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

विगत दिवस बड़नगर हाटकेश्वर मंदिर गुजरात से प्रारंभ होकर बाबा विश्वनाथ के दरबार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कर्मभूमि और उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी तक जाने वाली सेवा संकल्प यात्रा रूट नंबर 9 का स्वागत भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सरबजीत सिह अटवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और बाड़ी के नागरिकों द्वारा अगवानी की गई एवं दिग्वार से अटवाल रिजॉर्ट बाड़ी तक मसाल जुलूस ढोल बाजे डीजे और पुष्प वर्षा के साथ में निकाला गया। अटवाल रिजॉर्ट बाड़ी भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जोधा सिंह अटवाल एवं उनके समर्थकों के द्वारा भव्य आतिशबाजी के साथ एवं पुष्प मलाए पहनाकर सेवा संकल्प यात्रा का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अटवाल रिजॉर्ट में सुंदरकांड का पाठ भी आयोजित किया गया। पाठ के उपरांत भाजपा मंडल अध्यक्ष सरबजीत सिंह अटवाल के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया सेवा संकल्प यात्रा में विशेष रूप से गया उसके उपरांत भारतीय



जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मृदुल मिश्रा ने अपने उद्बोधन में सेवा संकल्प यात्रा पर के प्रयोजन पर प्रकाश डाला एवं उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की। सेवा संकल्प यात्रा में आए हुए देवेंद्र के द्वारा अपने अनुभव सभी से साझा किए।

भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री काल में उनकेद्वारा उनके द्वारा बनाई गई जनहित की योजनाओं पर प्रकाश डाला एवं रायसेन जिले की भौगोलिक स्थिति तथा रायसेन जिले के प्राचीन गौरव को भी प्रस्तुत किया गया उपरांत सेवा यात्रा का रात्रि विश्राम एवं भोजन अटवाल रिसोर्ट में ही किया गया।

रविवार को प्रातः 11 बजे लगभग 50 से अधिक सेवा संकल्प यात्री यात्रियों ने 10 से अधिक अलग-अलग वार्ड में हितग्राहियों के घर पर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ मोदी जी के मन की बात को साझा किया, उसको उपरांत भोजन करके मां हिंगलाज दरबार में सेवा संकल्प यात्रियों के द्वारा दर्शन किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता जोधा सिंह अटवाल उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष सरबजीत अटवाल एवं अटवाल परिवार के द्वारा सेवा संकल्प यात्रियों को मां हिंगलाज के चित्र मोमेंटो के रूप में प्रदान किए गए, उसके उपरांत मंडल कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी एवं बैंड बाजा के साथ सेवा संकल्प यात्रा को बाड़ी से अगले गंतव्य सुल्तानपुर मंडल तक विदा किया।

सेवा संकल्प अभियान में जिला स्तरीय प्रतियोगिता

मेरे सपनों का भारत, चित्रों में दिखाया विकसित देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय आदर्श कन्या विद्यालय में ह्यमेरे सपनों का भारतह्ण चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का जिला स्तरीय आयोजन हुआ। जिले के अलग-अलग स्कूलों से चयनित विद्यार्थियों ने इसमें भाग लेकर रंगों और शब्दों के जरिए भारत के भविष्य की तस्वीर सामने रखी। किसी ने स्वच्छ और सुंदर भारत को चित्रों में उकेरा तो किसी ने शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, विज्ञान-तकनीक और आत्मनिर्भरता को विकसित भारत की बुनियाद बताया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू भैय्या मीणा, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए चित्रों का अवलोकन किया और उनकी कल्पनाशीलता की सराहना की।

रंगों में उकेरा विकसित भारत का सपना-चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने सपनों के भारत को कागज पर रंगों के माध्यम से जीवंत किया। चित्रों में विकसित भारत के साथ स्वच्छता, हरियाली, पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, विज्ञान और तकनीकी प्रगति जैसे विषय नजर आए। विद्यार्थियों ने यह संदेश देने का प्रयास



किया कि विकास केवल आर्थिक तरक्की तक सीमित नहीं।बल्कि स्वच्छ पर्यावरण, बेहतर शिक्षा और सामाजिक एकता भी मजबूत भारत की पहचान हैं।

भाषण में युवाओं ने उठाई जिम्मेदारी-भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ह्यमेरे सपनों का भारतह्ण विषय पर बेबाकी से अपने विचार रखे। प्रतिभागियों सुरेखा, मधुलिका सौरभ पटेल ने कहा कि देश को विकसित बनाने में सरकार के साथ नागरिकों और विशेषकर युवाओं की भी बड़ी भूमिका है। शिक्षा, नवाचार, स्वच्छता, नागरिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण को लेकर विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। मंच पर बोलते हुए बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ बताया कि वे भविष्य के भारत देश को किस रूप में देखना चाहते हैं।

प्रमाण पत्र देकर बढ़ाया उत्साह-कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता और आत्मविश्वास को मजबूत करती हैं। साथ ही विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता भी पैदा होती है।

मिश्र तालाब की सफाई में तीसरे दिन भी श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर की प्राचीन मिश्र तालाब को संवारने के लिए नगर पालिका अब एक्शन में है। लगातार तीसरे दिन नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन खुद मौके पर पहुंचे और सफाई अभियान का मोर्चा संभाला।

इसमें खास बात यह रही कि रविवार को छुट्टी होने के बावजूद नगर पालिका का पूरा नपा अमला मिश्र तालाब की सफाई और श्रमदान जैसे पुनीत कार्य में जुटा रहा। कर्मचारी सुबह से ही मिश्र तालाब में जमा कचरा, जलकुंभी और गंदगी हटाने में लगे रहे। मिश्र तालाब और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई कर कचरे को हटाया गया।



जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी से कर्मचारियों में भी उत्साह दिखा। जमना सेन बोले- मिश्र तालाब शहर की धरोहर है। इसे स्वच्छ रखना सिर्फ नगर पालिका का नहीं, हर नागरिक का फर्ज है। सफाई लगातार जारी रहेगी। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि मिश्र तालाब में कचरा न डालें और स्वच्छता में सहयोग करें।

पर्वराज पर्युषण के समापन पर बैंडबाजों, ढ़ोलनगाड़ों के बीच निकली श्रीजी की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

पर्युषण पर्व के समापन अवसर पर रविवार को सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा भगवान श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रजत मंदिर में भगवान श्रीजी को विराजित कर जैन मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा में सैकड़ों जैन समुदाय के श्रद्धालु धर्म ध्वज लेकर शामिल हुए और जयकारों से नगर का माहौल धर्ममय हो गया। शहर में पर्युषण पर्व का समापन पर जैन अनुयायियों ने निकाले श्रीजी विमान। मार्गों पर

महिलाओं ने किया गरबा, अभिषेक और शांति धारा पाठ के साथ किया




जैन समाज की महिलाओं ने किया गरवा, अभिषेक और शांति धारा के साथ हुआ समापन। शहर में दिगंबर जैन समाज के सबसे बड़े पर्व पर्युषण पर्व का समापन बड़े ही धूमधाम से हुआ। समापन अवसर पर भगवान श्रीजी के रजत विमान निकाले गए। महिलाओं ने भक्ति भाव से गरवा किया। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान श्रीजी भगवान महावीर का अभिषेक किया गया और विश्व शांति व कल्याण की कामना से शांति धारा की गई। 10 दिवसीय पर्युषण पर्व में श्रद्धालुओं ने उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव सहित दस धर्मों की आराधना की। समापन पर क्षमावाणी पर्व मनाया गया, जिसमें समाजजनों ने एक-दूसरे से जाने-अनजाने हुई गलती भूलों के लिए क्षमा याचना की। इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

मवेशियों को बचाने में गहरी खाई में पलट गई पिकअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा हाईवे-18 पर आवारा मवेशियों के कारण हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात कुलहड़िया बिजलीघर के पास सड़क पर बैठे मवेशियों को बचाने के प्रयास में रीवा से भोपाल जा रही बोलेरो लोडिंग पिकअप अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट गहरी खाई में पलट गई। हादसे में चालक को मामूली चोट आई है। गनीमत रही कि पिकअप आसपास लगे पेड़ों से नहीं



टकराई, वरना हादसा गंभीर हो सकता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो लोडिंग पिकअप रीवा से चावल खाली कर भोपाल की ओर जा रही थी। देर रात जैसे ही वाहन कुलहड़िया बिजलीघर के समीप पहुंचा, सड़क पर बैठे मवेशी अचानक सामने आ गए।